

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

**Ministry of Housing and Urban Affairs**


Government of India

सत्यमेव जयते

# साप्ताहिक सूचना पत्र

दिनांक 11.09.2026 से 17.09.2026

**द्वितीय संस्करण**



## श्री मनोहर लाल

माननीय केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य
तथा विद्युत मंत्री



17 सितंबर, 2026

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने वाशिंगटन में जल एवं शहरी विकास संस्थानों से किया संवाद



17 सितंबर 2026 को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल ने Washington, D.C. में DC Water के साथ संवाद किया और Sewage Treatment Plant का दौरा कर जल आपूर्ति, वितरण एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्रणालियों की जानकारी ली। उन्होंने कुशल जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए अपनाई जा रही वैश्विक कार्यप्रणालियों और दृष्टिकोणों का अवलोकन किया। मंत्री ने Washington, D.C. के Office of Planning के अधिकारियों तथा World Bank के शहरी विशेषज्ञों के साथ भी विचार-विमर्श किया। इस दौरान शहरी विकास, जल प्रबंधन, अपशिष्ट जल उपचार और शहरी नियोजन से जुड़े अनुभवों एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान हुआ।

इन संवादों से भारतीय शहरों की उभरती जरूरतों के अनुरूप प्रासंगिक वैश्विक कार्यप्रणालियों को अपनाने तथा सतत, लचीले और सुव्यवस्थित शहरी अवसंरचना को मजबूत करने के अवसरों की जानकारी मिली।





**16 सितंबर, 2026**

# स्वच्छता ही सेवा 2026: केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने देशव्यापी जनभागीदारी का किया आह्वान



16 सितंबर 2026 को National Media Centre, नई दिल्ली में Swachhata Hi Seva (SHS) 2026 का Curtain Raiser आयोजित किया गया। वर्चुअल संदेश में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने राज्यों, UTs, ULBs, संस्थानों और नागरिकों से अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों से 17 सितंबर को अपने घर की सफाई से अभियान की शुरुआत करने की अपील की।

2017 से प्रतिवर्ष आयोजित हो रहा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 में 'Swachhata Mein Sahbhag; Swachh Bharat, Viksit Bharat' थीम के साथ 17 सितंबर से शुरू हुआ। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल ने स्वच्छता को जनभागीदारी से संचालित राष्ट्रीय आंदोलन बनाने पर जोर दिया, जबकि आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों को स्वच्छता में उदाहरण प्रस्तुत करने का आह्वान किया।

Curtain Raiser कार्यक्रम में स्वच्छता के लिए सामूहिक कार्रवाई और नागरिक भागीदारी को मजबूत करने तथा Swachh Bharat और Viksit Bharat के लक्ष्य को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।



**14 सितंबर, 2026**

# स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश, Houston में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया पौधारोपण





केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य एवं ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल ने Houston, USA स्थित Consulate परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के तहत पौधरोपण किया। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

पौधरोपण कार्यक्रम ने Houston स्थित Consulate में स्वच्छता ही सेवा 2026 की गतिविधियों के लिए भी सकारात्मक वातावरण तैयार किया। यह आयोजन देशव्यापी अभियान की थीम 'Swachhata Mein Sahbhag, Swachh Bharat, Viksit Bharat' के अनुरूप रहा।

कार्यक्रम में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास, सहभागिता और संवेदनशीलता के महत्व को रेखांकित किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' के माध्यम से दिया गया यह संदेश स्वच्छ, हरित और सतत वातावरण के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को भी उजागर करता है।

**16 सितंबर, 2026**

## ‘एक पेड़ माँ के नाम’ के साथ स्वच्छता ही सेवा 2026 का शुभारंभ



आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (DDWS) ने 17 सितंबर 2026 को नई दिल्ली के इंडिया गेट स्थित चिल्ड्रन्स पार्क में ‘एक पेड़ माँ के नाम’ पहल के तहत संयुक्त पौधरोपण अभियान के साथ देशव्यापी ‘स्वच्छता ही सेवा’ (SHS) 2026 की शुरुआत की।

‘सरकार के सभी विभागों के मिलकर काम करने’ की भावना के तहत आयोजित कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्रालय (MoJS) के DDWS सचिव श्री अशोक के.के. मीना, MoHUA के शहरी विकास विभाग (DoUD) के सचिव श्री सतेंद्र सिंह, MoHUA के राजधानी विकास विभाग (DoCD) की सचिव श्रीमती डी. थारा सहित MoHUA और DDWS के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

यह कार्यक्रम नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) के सहयोग से आयोजित किया गया। संयुक्त पौधरोपण अभियान के माध्यम से स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया।

17 सितंबर, 2026

# स्वच्छता में सहभाग: संकल्प भवन में कचरा पृथक्करण पर विशेष प्रशिक्षण का आयोजन



17 सितंबर 2026 को स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) टीम ने संकल्प भवन में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) के अधिकारियों, कर्मचारियों और सलाहकारों के लिए 4-तरफा कचरा पृथक्करण पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया। निदेशक, SBM-U श्रीमती सुरभि मलिक के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यस्थल पर कचरे को स्रोत पर अलग करने की व्यवस्था को संस्थागत रूप देना और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देना रहा।

प्रशिक्षण में स्रोत पर कचरा पृथक्करण के साथ सिंगल-यूज प्लास्टिक, कागज और खाद्य अपशिष्ट को कम करने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की गई। स्वच्छता ही सेवा 2026 की 'Swachhata Mein Sahbhag; Swachh Bharat, Viksit Bharat' थीम के अनुरूप इस पहल का उद्देश्य सरकारी संस्थानों में कचरा पृथक्करण, कचरा न्यूनीकरण और सतत जीवनशैली की संस्कृति को मजबूत करना रहा।

इस पहल के माध्यम से सरकारी कार्यालयों को जिम्मेदार कचरा प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत करने और स्वच्छ भारत के व्यापक लक्ष्य में योगदान देने का संदेश दिया गया।

**14 सितंबर, 2026**

## HUDCO और DMRC को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

14 सितंबर 2026 को हिंदी के प्रभावी कार्यान्वियन, प्रचार-प्रसार और राजभाषा के रूप में व्यापक उपयोग के लिए HUDCO और DMRC को प्रतिष्ठित राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

HUDCO को वर्ष 2025–26 के लिए प्रथम राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया गया। मुंबई के CIDCO Exhibition Centre में आयोजित समारोह में HUDCO के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुलश्रेष्ठ ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से यह पुरस्कार प्राप्त किया।








इसी अवसर पर DMRC को सरकारी कार्यों में हिंदी के प्रभावी कार्यान्वियन और प्रगतिशील प्रयोग के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (प्रथम पुरस्कार) प्रदान किया गया। DMRC के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने श्री अमित शाह से यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब DMRC को प्रथम पुरस्कार मिला है।

HUDCO और DMRC को मिले ये सम्मान दोनों संस्थानों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी उपयोग और उसे सुदृढ़ करने के निरंतर प्रयासों को रेखांकित करते हैं।

15 सितंबर, 2026

## NBCC का वैश्विक विस्तार, ऑस्ट्रेलिया में ब्रांच शाखा की स्थापना








NBCC (India) Limited ने ऑस्ट्रेलिया के South Yarra, Victoria में अपना शाखा कार्यालय पंजीकृत किया है, जिसका Australian Registered Body Number (ARBN) 701 405 218 है। यह पहल NBCC की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को मजबूत करने और विदेशों में नए व्यावसायिक अवसर तलाशने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

ऑस्ट्रेलिया स्थित कार्यालय Australian कंपनी Goldfields Pvt. Ltd. के सहयोग से Project Management Consultancy (PMC) सेवाओं तथा Engineering, Procurement and Construction (EPC) अनुबंधों से जुड़े कार्य करेगा। इससे ऑस्ट्रेलियाई बाजार में परियोजनाओं के लिए NBCC की अंतरराष्ट्रीय कार्यक्षमता और संभावनाएं मजबूत होंगी।



Ministry of Housing
and Urban Affairs
Government of India
सत्यमेव जयते
स्मार्ट सिटी
Ministry of Power
Ministry of Housing and Urban Affairs
Office of
Manohar Lal
Hon'ble Union Minister of Housing & Urban Affairs and Power